<u>प्रतिवेदन</u>

आज दिनांक 24.01.2025 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बलरामपुर में '' **भ्रूण लिंग की जांच व भ्रूण हत्या, अधिनियम एंव दण्डात्मक प्रावधान** '' विषय पर कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें संस्था के प्राचार्य आदरणीय श्री अगस्टीन कुजूर सर के द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का स्वागत, अपने उद्बोधन के द्वारा किया गया एंव महाविद्यालय के छात्राओं को, देश में कम होते लिंगानुपात पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए छात्राओं को सजग




और जागरूक रहने के लिए संदेश दिया गया, एंव समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए और इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, श्री नेत्रप्रकाश सोर के द्वारा भ्रूण लिंग की जांच व भ्रूण हत्या किस प्रकार से एक सामाजिक बुराई है एंव इसके क्या दुष्परिणाम हो रहें है, तथा इनके रोकथाम हेतु सरकार द्वारा कौन – कौन सी कानूनी प्रावधान किये गये हैं इस पर छात्राओं के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की गई। तत्पश्चात उक्त विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्राओं के द्वारा बढ़–चढ़कर भाग लिया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अखिलेश कुमार यादव सहा. प्राध्यापक, भूगोल के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री अमरदीप एक्का, डॉ. आयुषी गुप्ता, श्रीमती कमला सिंह, सुश्री गंगोत्री पैंकरा, श्री ह्रदयनाथ विश्वकर्मा सहायक ग्रेड–1 एंव अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।